# क्षतिग्रस्त बिजली पोल और तार बने घातक


निज संवाददाता

**भोपाल, 23 मई. राजधानी में मानसून आने से पहले कई इलाकों में जर्जर बिजली पोल, लटकते तार और बंद स्ट्रीट लाइटें लोगों की चिंता बढ़ा रही हैं, भोपाल टॉकीज से लेकर करोंद रोड तक बेरसिया रोड पर जगह-जगह बिजली के खंभे और तार क्षतिग्रस्त दिखाई दे रहे हैं.**

रहवासियों का कहना है कि यदि समय रहते सुधार कार्य नहीं हुआ तो बारिश के दौरान बड़ा हादसा हो सकता है. खासकर बच्चों और राहगीरों के लिए खतरा बढ़ गया है. स्थानीय लोगों के अनुसार कई स्थानों पर बिजली के तार नीचे लटके हुए हैं और रात में अधिकांश स्ट्रीट लाइट बंद रहती हैं. इससे अंधेरा होने पर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, लोगों ने बताया कि क्षेत्र में विकास कार्य चल रहे हैं, लेकिन इसके कारण बिजली व्यवस्था प्रभावित हो रही है और समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं. रहवासियों ने शासन और संबंधित विभाग से जल्द कार्रवाई की मांग की है.

बिजली कंपनी के बेरसिया रोड इंचार्ज वैभव यादव ने बताया कि संबंधित कार्य नगर निगम और स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत आता है, वरिष्ठ अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया है और जल्द समाधान करने का प्रयास किया जाएगा. अयोध्या बायपास क्षेत्र के एमपीईबी प्रबंधक रामबाबू साहू ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी. लाइन निजी है या विभाग के अंतर्गत आती है, इसे देखकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी.





वहीं दूसरी ओर नए भोपाल के अयोध्या बायपास स्थित मीनाल गेट नंबर-3 के पास सागर ग्रीन स्टेट कॉलोनी में भी बिजली व्यवस्था बदहाल नजर आ रही है. यहां बिजली पोल पर लगे बॉक्स सप्लाई वायर बिखरी और खुली हुई दिखाई दी. रहवासियों का कहना है कि शॉर्ट सर्किट का खतरा बना हुआ है और बिजली कभी भी चली जाती है.



सागर ग्रीन स्टेट निवासी जीबी लाइब्रेरी के इंचार्ज अमित साहू ने बताया कि मुख्य पैनल का एमसीबी खराब है, जिसके कारण बार-बार बिजली गुल हो रही है. उन्होंने कहा कि बिजली तकनीशियन ने पूरा पैनल और एमसीबी बदलने के लिए करीब 13 हजार रुपये खर्च बताया है. रहवासियों का आरोप है कि बिजली विभाग कॉलोनी को निजी बताकर जिम्मेदारी से बच रहा है, जिससे समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा.

# सड़क बनी खतरा, मानसून से पहले सुधार की मांग तेज

**जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं सड़कें**

निज संवाददाता

**भोपाल, 23 मई. दक्षिण पश्चिम विधानसभा के जवाहर चौक स्थित हनुमान मंदिर एवं चित्रगुप्त मंदिर के पीछे का मार्ग इन दिनों बदहाल स्थिति में है. सड़क जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है और उसका मलबा उखड़कर बाहर आ रहा है.**

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि यदि मानसून से पहले सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है. सड़क पर फैली गिट्टी और मलबे के कारण वाहन चालकों को फिसलन का सामना करना पड़ रहा है. खासकर दोपहिया वाहन सवारों के लिए यह रास्ता जोखिम भरा बन गया है. बारिश के दौरान यहां दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ सकती है.







स्थानीय निवासी राजेश वर्मा ने बताया कि सड़क की हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है. कई बार वाहन फिसल चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई सुधार कार्य शुरू नहीं हुआ है. वहीं एक अन्य निवासी सीमा शर्मा ने कहा कि बारिश में यह सड़क और ज्यादा खतरनाक हो जाएगी. बच्चों और बुजुर्गों का निकलना भी मुश्किल हो जाएगा. रहवासियों ने नगर निगम से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है ताकि मानसून के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके. स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो यह समस्या गंभीर रूप ले सकती है.

## पानी की टंकी में डूबने से मासूम की मौत

**भोपाल.** पानी की टंकी में डूबने से तीन साल के मासूम की मौत हो गई. अरेरा कॉलोनी में रहने वाले मासूम लव अहिरवार के साथ यह हादसा उस दौरान हो गया, जब वह अपने घर के बाहर खेल रहा था और पानी से भरी टंकी में अचानक से गिर गया. हबीबगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है. जानकारी के मुताबिक अरेरा कॉलोनी ई-3 इलाके में यह हादसा शुक्रवार दोपहर को हुआ. लव के पिता ब्रजेश अहिरवार कॉलोनी में ही एक बंगले में काम करते हैं. वह अपने परिवार के साथ सर्वेंट क्वार्टर में रहते हैं. इस बंगले के बाहर पानी जमा करने के लिए एक छोटी टंकी बनी है.

# नीट दोबारा होने के नाम पर हो रहे साइबर फ्रॉड



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 मई. नीट यूजी 2026 की परीक्षा दोबारा होने के नाम पर हो रहे साइबर फ्रॉड से सावधान को लेकर साइबर क्राइम पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है.**

बताया गया कि नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द होने और दोबारा परीक्षा की चर्चाओं के बीच कई साइबर ठग छात्रों और अभिभावकों को निशाना बना रहे हैं. सोशल मीडिया और फर्जी वेबसाइट्स के जरिए 'पेपर लीक', 'सेलेक्शन गारंटी', 'एडवांस प्रश्नपत्र' और 'वीआईपी रिजल्ट' जैसे झूठे दावे किए जा रहे हैं. एनटीए ने पहले भी ऐसे फर्जी दावों को गलत बताया है और छात्रों को सतर्क रहने की सलाह दी है.

**क्या न करें**

- किसी को पैसे ट्रांसफर न करें.
- ओटीपी या यूपीआई पिन साझा न करें.
- फेक पीडीएफ या एपीके एप डाउनलोड न करें.
- सोशल मीडिया अफवाहों पर भरोसा न करें.

**ठगी कैसे हो रही है**

- टेलीग्राम और व्हाट्सएप पर 'लीक पेपर' बेचने का दावा.
- फेक पीडीएफ और गेस पेपर भेजना.
- 'री-नीट फाइनल डेट' के नाम पर फर्जी लिंक.
- ओटीपी / बैंक डिटेल मांगना.
- फेक एनटीए वेबसाइट बनाकर रजिस्ट्रेशन फीस लेना.
- सोशल मीडिया एड्स के जरिए '100% सेलेक्शन' का झांसा.

**अभिभावकों के लिए जरूरी सावधानियां**

- केवल आधिकारिक एनटीए वेबसाइट और नोटिस पर भरोसा करें.
- किसी भी 'पेपर लीक' संदेश को तुरंत रिपोर्ट करें.
- अनजान टेलीग्राम और व्हाट्सएप ग्रुप से दूर रहें.
- साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करें.
- मजबूत पासवर्ड और 2- फैक्टर आउथेंटिकेशन इस्तेमाल करें.

## एक नजर में

### घर के बाथरूम में युवती की संदिग्ध हालत में मौत

**भोपाल.** कोलार थाना क्षेत्र एक युवती की संदिग्ध हालत में मौत हो गई. युवती को परिजनों ने घर के बाथरूम में बेहोशी की हालत में पाया. परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे. डॉक्टरों ने प्राथमिक चिकित्सा के दौरान युवती को मृत घोषित कर दिया. कोलार पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है. कविता शर्मा (35) राजहर्ष कालोनी में अपने मायके में रहती थी. वह एक रेस्टारेंट में काम करती थी. कविता की शादी करीब दस साल पहले हुई थी. पति से अनबन होने के बाद वह लंबे समय से अपने मायके में रह रही थी.

### लिफ्ट नहीं दी तो युवक पर चाकू से हमला

**भोपाल.** सड़क पर लिफ्ट नहीं देने पर बाइक सवार युवक की बेल्ट से पिटाई करते हुए आरोपियों ने चाकू मारकर हमला कर दिया. आरोपियों के खिलाफ खजूरी सड़क थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है. आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस तलाश करने में जुटी है. माखन अहिरवार निवासी ग्राम तूमड़ा किसान है. माखन के साथ तीन दिन पहले रात के समय घटना हुई. गांधी नगर स्थित ससुराल जाने के लिए माखन अपनी बाइक से रात में निकला. राजीव नगर टपरा के पास जब वह पहुंचा. इस दौरान एक युवक ने उसे हाथ देकर लिफ्ट मांगने की कोशिश की.

# 1 जून से शुरू होगी नोएडा से भोपाल के लिए उड़ान

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 23 मई, केंद्रीय उड्डयन मंत्रालय ने भोपाल को एक नई फ्लाइट की सौगात दी है. जिसकी शुरूआत 1 जून से की जा रही है. अभी हाल ही में नोएडा में जेवर नवीन एयरपोर्ट का शुभारंभ किया गया है.**

जहां से अब भोपाल और नव विकसित नोएडा हवाई अड्डे जेवर के बीच नई सीधी उड़ान मिलेगी. इस फ्लाइट के लिए बुकिंग शनिवार से शुरू हो गई है. ये नई सेवाएं भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी को और मजबूत करेंगी और यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधा और अतिरिक्त कनेक्टिविटी विकल्प प्रदान करेंगी. वर्तमान में भोपाल के लिए 17 उड़ाने आने और 17 जाने की संचालित हो रही है. इसके शुरू होने के बाद अब यह 18 आने और 18 जाने की उड़ाने हो जाएंगी.

नोएडा के नवीन जेवर एयरपोर्ट से भोपाल ई-7653 शाम 17:40 बजे उड़ान भरेगी जो शाम 19:00 बजे भोपाल पहूंचेगी. वहीं ई-7654 भोपाल से नोएडा जेवर एयरपोर्ट के लिए रात्रि 19:40 पर भोपाल एयरपोर्ट उड़ान भरेगी जो रात्रि में 21:25 बजे नोएडा एयरपोर्ट जेवर पहुंचेगी.

# चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

## पुलिस ने की वाहनों की जब्ती

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 मई. चोरी की बाइक के साथ दो शातिर आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया. कजलीखेड़ा थाना पुलिस ने बाइक चोरी का खुलासा करते हुए चोरी में उपयोग किए गए वाहन को भी जब्त किया है.**

पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी कि गौरव नगर मल्टी क्षेत्र से चोरी हुई एक बाइक को दो युवक धुआखेड़ा पानी की टंकी के पास बेचने की फिराक में हैं. मौके पहुंचकर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा. संदिग्ध युवकों ने पुलिस की पूछताछ में अपना नाम अर्जुन पटेल उर्फ बिट्टू (22) निवासी मंडीदीप और समीर अवस्थी (29) निवासी नर्मदापुरम बताया. आरोपियों से बाइक के संबंध में पूछताछ करने पर दोनों ने अपराध करना स्वीकार किया. आरोपियों ने बताया कि एक दिन पहले उन्होंने रात के गौरव नगर में बाइक चोरी की. चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए वह अपनी एक अन्य बाइक से वहां पहुंचे थे. बाइक का लॉक तोड़कर आरोपी अर्जुन पटेल उसे लेकर गया. इसके बाद आरोपी समीर अवस्थी ने अपनी मोटर साइकिल से उसे पैर से धक्का देकर साथ ले गया.



# ब्लैकमेलिंग करने वाला गिरफ्तार

**3 लाख रुपए की पीड़िता से अड़ीबाजी**

**वीडियो वायरल करने की धमकी**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 मई. शादी के बहाने ब्लैकमेलिंग करने वाले एक आरोपी को लुधियाना पंजाब से पुलिस ने गिरफ्तार किया. आरोपी ने पीड़ित महिला को बदनाम करने के बहाने 3 लाख रूपये मांगे थे.**

पीड़िता को बदनाम करने में आरोपी का साथ देने वाली एक महिला को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है. शाहजहांनाबाद थाना पुलिस ने मामले में कार्रवाई की है.

पुलिस के मुताबिक 18 मई को पीड़िता प्रमिला (परिवर्तित नाम) ने आरोपी अभिषेक गुप्ता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने और वीडियो वायरल करने से रोकने के नाम पर अड़ीबाजी की. आरोपी अभिषेक ने इसके लिए पीड़िता से 3 लाख रुपये की मांग की और जान से मारने की धमकी देने लगा. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तार के लिए एक टीम तैयार की. आरोपी अभिषेक कुमार गुप्ता (19) निवासी मधुवनी अपार्टमेन्ट इन्कलेव लुधियाना पंजाब और रंजू बाई (53) को लुधियाना पंजाब स्टेशन से गिरफ्तार किया गया.

# सवा दो लाख के गांजे के साथ दो गिरफ्तार

**क्राइम ब्रांच पुलिस ने की कार्रवाई**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 मई. क्राइम ब्रांच पुलिस ने गोविंदपुरा इलाके में 7.670 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है. पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से मिले एक मोबाइल फोन को भी जब्त कर लिया है.**

बरामद गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख 30 हजार आंकी गई है. क्राइम ब्रांच पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी कि गोविंदपुरा इलाके में एक स्कूल के पास खाली ग्राउंड पर संदिग्ध युवक गांजा बेचने की फिराक में खड़ा था. पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अभिषेक विश्वकर्मा निवासी जिला दमोह और जितेन्द्र लोधी निवासी विलखिरिया के तौर पर बताई. पुलिस ने आरोपियों के पास से 07 किलो 670 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया. आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया.



# पटाखों की दुकानों-गोदामों की जांच शुरू

## सभी एसडीएम और पुलिस अधिकारी कर रहे हैं पड़ताल

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 23 मई, देवास मे कुछ दिन पहले पटाखा फैक्ट्री में हुई घटना को लेकर भोपाल में भी अब गोदामों और दुकानों को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है. पिछले तीन दिनों से जिले की सभी तहसीलों में गोदामों और स्थाई दुकानों की जांच में अधिकारी लगे हुए हैं.**

कोलार एसडीएम पीसी पांडे ने बताया कि जिले के ग्रामीण हो या शहरी क्षेत्र सभी जगह पटाखों के गोदाम हैं और कुछ जगहों पर स्थाई दुकानें भी हैं. जिनके लाइसेंस, सुरक्षा को लेकर की गई व्यवस्था और उनके यहां पर कितना माल रखा हुआ है और कितना प्रतिदिन बिक्री हो रहा है. इस तरह की सभी जानकारी हूजूर, बैरसिया, कोलार , टीटी नगर, बैरागढ़, गोविंदपुरा, शहर, एमपी नगर तहसीलों के सभी एसडीएम औरतहसीलदार तथा संबंधित पुलिस अधिकारी द्वारा ली जा रही है. वहीं जो पटाखा दुकानें और गोदाम पहले शहर से बाहर थी अब शहर की आबादी बढ़ने से वहां पर बसाहट हो गई है, ऐसे सभी गोदामों और दुकानों का विस्थापन करने के लिए प्रस्ताव बनाकर प्रशासन को भेजा जाएगा.

**अवैध हथियारों के साथ 4 गिरफ्तार**

शहर में चाकूबाजों और अवैध हथियार रखने वाले अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देशों के बीच निशातपुरा थाना प्रभारी मनोज पटवा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैध हथियारों के साथ बदमाश राज मंडी और 03 अन्य साथियों को गिरफ्तार किया. मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर सूचीबद्ध बदमाश राज मंडी को पकड़ा गया. वह किसी वारदात को अंजाम देने वाला था. पुलिस टीम को देखकर टपरे से भाग रहे थाने के सूचीबद्ध बदमाश राज मंडी और उसके तीन साथियों को काफी मशक्कत के बाद पकड़ा गया. आरोपियों के पास से प्रतिबंधित छुरियां व गुप्ती बरामद की गईं. इस आधार पर आरोपियों के विरुद्ध पृथक-पृथक अपराध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत पंजीबद्ध किए गए हैं.

**गेहूं उपार्जन** ▶ जिले में 37407 किसानों ने कराया था पंजीयन

# 2419 किसानों के नहीं हो सके स्लॉट बुक

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 23 मई, जिले के 93 उपार्जन केंद्रों पर शनिवार को गेहूं की खरीदी हुई. 23 मई गेहूं खरीदी की पहले आखिरी तारीख थी, जिसे शासन ने बढ़ाकर 28 मई कर दिया है. जिले के 37407 किसानों ने गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन कराया था.**

इसमें से 34988 किसान स्लॉट बुक हुए हैं. वहीं 2419 किसानों के स्लॉट बुक नहीं हो सके, क्योंकि केंद्र सरकार ने देशभर में रिकॉर्ड तोड़ गेहूं की खरीदी के चलते ई-उपार्जन पोर्टल बंद कर दिया. ऐसे में इन किसानों को गेहूं नहीं बेच पाने की चिंता सता रही है, क्योंकि 28 मई तक ऐसे ही किसान गेहूं को बेच सकते हैं, जिनके स्लॉट बुक हैं. बता दें कि अब तक 33494 किसान गेहूं को बेच चुके हैं. इन किसानों को 692 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान शासन की ओर से किया जा चुका है.

गत वर्ष की तुलना में अभी गेहूं की खरीदी अधिक रही है. पहले 23 मई खरीदी की अंतिम तारीख थी, जो बढ़कर 28 कर दी गई है. उपार्जन केंद्रों पर हो रही गेहूं खरीदी पर नजर रखी जा रही है.
**-चंद्रभान सिंह जादौन,** जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक

**संविदा कर्मचारियों का वेतन समकक्षता के आदेश जारी**

**भोपाल.** कृषि विभाग की आत्मा परियोजना में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के वेतन का समकक्षता का निर्धारण के आदेश जारी किए गए है. इस आदेश के बाद प्रदेश में 450 संविदा कर्मचारियों को लाभ मिलेगा. इस लाभ के लिए मध्य प्रदेश संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ काफी समय से प्रयासरत था. इस बात की जानकारी मध्य प्रदेश संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौड़ एवं कृषि तकनीकी संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बैजनाथ सिंह यादव ने दी. राठौड़ ने बताया कि 22 जुलाई को मध्य प्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने एक आदेश जारी किया था, जिसमें संविदा कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों के पदों के समान न्यूनतम वेतन देकर वेतन निर्धारण किया जाना था. 3 वर्ष बीतने के बाद भी कृषि विभाग की आत्मा योजना की संविदा कर्मचारियों को उसका लाभ नहीं दिया गया था. तीन साल में कई बार सरकार और विभाग को इस आदेश के लिए ज्ञापन भी दिये गए.

## नाबालिग ने घर में फांसी लगाकर की खुदकुशी

**भोपाल.** बैरसिया थाना क्षेत्र एक नाबालिग लड़के ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. सातवीं कक्षा में पढ़ाई करने वाले नाबालिग के पास से पुलिस को सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ. बैरसिया पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. नाबालिग परिजनों के बयान के बाद पुलिस खुदकुशी के कारणों का खुलासा करेगी. जानकारी के मुताबिक अमन शर्मा (15) सातवीं कक्षा में पढ़ाई करता था. बैरसिया स्थित स्कूल के ही हॉस्टल में वह रहता था. अमन एक सप्ताह पहले हॉस्टल से अपने घर लौटा था. गुरुवार-शुक्रवार की रात अमन ने घर के एक कमरे में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली.

# पेड़ों को बचाने किया सुंदरकांड पाठ

**झुग्गी के बसने से पेड़ों को कटने का भय**

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 23 मई. राजधानी में बाग मुगालिया एक्सटेंशन रहवासी विकास समिति ने श्मशान घाट के पास पेड़ों को बचाने के लिए शनिवार रात 8 बजे सुंदरकांड का पाठ किया. इसमें सैकड़ों रहवासी शामिल हुए.**

पेड़ों को बचाने के लिए शासन-प्रशासन को सद्बुद्धि देने के लिए सुदंरकांड का पाठ किया गया. बता दें कि पेड़ों को बचाने के लिए पूर्व मे कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, मंत्री कैलाश विजवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार को शिकायत कर ज्ञापन भी दिए जा चुके हैं. जब कोई कार्रवाई नहीं की गई तब वहां के रहवासियों ने सभी का ध्यान आकर्षित करने के लिए सुंदरकांड का पाठ किया.

समिति के अध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने बताया कि जिला प्रशासन ने बागमुगालिया एक्सटेंशन श्मशान घाट के पास ग्रीन बेल्ट की जमीन पर 9 मई को बावड़िया कलां क्षेत्र स्थित दीपक नगर बस्ती के 35 परिवारों को शिफ्ट किया था. पहले तो प्रशासन को ग्रीन बेल्ट की जमीन पर बस्ती के लोगों को शिफ्ट नहीं करना था. फिर भी शिफ्ट करके 30 झुग्गियां बनाने की जगह दे दी. अब 50 अन्य झुग्गियां तन गई हैं. लहारपुर डैम तक करोड़ों की शासकीय जमीन पर झुग्गियां तन गईं.

**हाईटेंशन लाइन के नीचे हादसा होना तय**

बाग मुगालिया एक्सटेंशन के रहवासियों का कहना है कि प्रशासन ने बाग मुगालिया एक्सटेंशन में दीपक नगर बस्ती के लोगों की हाईटेंशन लाइन के नीचे झुग्गियां बनवा दी हैं. इससे हादसा होना तय है. यदि भविष्य में हाईटेंशन लाइन की वजह से कोई अप्रिय घटना हुई तो इसकी जिम्मेदारी अधिकारियों की ही होगी.